<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भाविप्रा में विमानन संरक्षा जागरूकता सप्ताह 2021 का आयोजन

<u>नई दिल्ली, 29 नवंबर 2021</u>: देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट ऑपरेटर और एकमात्र एयर नेविगेशन सर्विस प्रोवाइडर (एएनएसपी) - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) दिनांक 29 नवंबर से 3 दिसंबर 2021 तक विमानन संरक्षा जागरूकता सप्ताह 2021 मना रहा है। इसकी उद्घाटन बैठक राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली स्थित भाविप्रा निगमित मुख्यालय में आयोजित की गई। भाविप्रा द्वारा पूरे भारत में प्रबंधित सभी हवाईअड्डों और एएनएस स्थलों पर सप्ताह भर इसका आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री अरबिंदो हांडा, महानिदेशक, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा दी गई प्रस्तुति के साथ हुई। महानिदेशक, एएआईबी ने सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुरक्षा प्रदर्शन संकेतक (एसपीआई) तथा सुरक्षा डेटा संग्रह व विश्लेषण के व्यवस्थित विकास पर जोर दिया।

उद्घाटन बैठक के दौरान, अध्यक्ष, भाविप्रा ने इकाओ ग्लोबल एविएशन सेफ्टी प्लान के अनुरूप विमानन संरक्षा के प्रति भाविप्रा की प्रतिबद्धता पर बल दिया।

एएनएसपी और एयरपोर्ट ऑपरेटर के रूप में, भाविप्रा का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि वह अपने प्रचालन में उच्च स्तरीय सुरक्षा हासिल करे। भाविप्रा के सुरक्षा अनुपालन से संबंधित कार्यों को विमानन नियामक और इकाओ के अनुरूप भलीभाँति संचालित करने के लिए भाविप्रा का विमानन संरक्षा निदेशालय सदैव प्रयासरत रहता है। इस प्रकार भाविप्रा की सभी प्रचालन गतिविधियों व प्रक्रियाओं में विमानन संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है।

विमानन संरक्षा के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए, भाविप्रा प्रत्येक हवाईअड्डे और एएनएस स्टेशन पर कर्मचारियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाएगा जैसे दस्तावेजों और सुविधाओं की समीक्षा, मॉक एक्सर्साइज़, निवारक रखरखाव इत्यादि। भाविप्रा के सभी कार्यालयों में बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे और प्रचालन केन्द्र संरक्षा जागरूकता सप्ताह के महत्व के बारे में बाहरी और आतंरिक दोनों हितधारकों को शिक्षित करेंगे।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (सीसी) से संपर्क करें:
011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 25/2021-22

भाविप्रा अध्यक्ष श्री संजीव कुमार, आईएएस, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विमानन संरक्षा जागरूकता सप्ताह 2021 के उद्घाटन के अवसर पर श्री अरबिंदो हांडा, महानिदेशक, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए। साथ ही, चित्र में हैं श्री के. विनायक राव, सदस्य (वित्त), श्री ए.के. पाठक, सदस्य (योजना/मा.सं.), श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस) और श्री बी.के. सरकार, कार्यपालक निदेशक (एटीएफएम/एवीएस))।